दैनिक जागरण 20/01/2026

# दो छात्राओं को कैंपस प्लेसमेंट में मिली जाब

**अंबाला** • **विज्ञप्ति** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट के बीबीए विभाग की छात्राओं पालक और सैजल का चयन प्रतिष्ठित कंपनी कोरिजो एजुटेक गुरुग्राम में हुआ है। दोनों छात्राओं को 6 .5 लाख प्रति वर्ष के आकर्षक पैकेज की पेशकश की गई है। इस उपलब्धि के साथ ही कालेज में बीबीए प्लेसमेंट सीजन का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने दोनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि पालक और सैजल की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। कमलप्रीत कौर प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि बीबीए विभाग के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। बीबीए विभागाध्यक्ष डा. भारती विज, डा. रवनीत एवं डा. अमिता ने भी पालक और सैजल को उनके भावी जीवन में निरंतर प्रगति की कामना की।